## नस्लीय समानता को बढ़ावा देने पर
## मौजूदा और नियोजित उपाय

## व्यापार और उद्योग विभाग

व्यापार और उद्योग विभाग (TID) का लक्ष्य, हमारे व्यापारिक भागीदारों के साथ हांगकांग के व्यावसायिक संबंधों को बढ़ावा देने, व्यापार सहायता और सुविधा प्रदान करने और छोटे और मध्यम उद्यमों (SMEs) और उद्योगों के लिए सहायता प्रदान करने के माध्यम से, हांगकांग में व्यापार और उद्योग के विकास को सुविधाजनक बनाना और समर्थन करना है।

हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हांगकांग के लोग, बिना जाति के भेदभाव के, एक समान हमारी सेवाओं तक पहुँच का आनंद ले सकते हैं।

संबद्ध सेवाएँ

- हांगकांग द्वारा अन्य अर्थव्यवस्थाओं के साथ मुक्त व्यापार समझौतों और निवेश संवर्धन और संरक्षण समझौतों को बढ़ावा देना, और प्रमुख व्यापारिक भागीदारों के व्यापार नियमों और नीतियों में परिवर्तन के बारे में अद्यतन जानकारी प्रदान करना।
- व्यापार के लिए विभिन्न लाइसेंसिंग और पंजीकरण सेवाएँ और हांगकांग के उत्पादों के निर्यात के लिए मूल प्रमाणपत्र प्रदान करना।
- SMEs की प्रतिस्पर्धात्मकता और उनके दीर्घकालिक विकास को बढ़ाने के लिए विभिन्न फंडिंग योजनाओं को लागू करना।

मौजूदा उपाय

- सेवाएँ चीनी और/या अंग्रेजी में प्रदान की जाती हैं। जनता को वितरण के लिए उपलब्ध सभी सूचना पत्रक और पर्चे चीनी और अंग्रेजी दोनों में छपे हैं।
- सद्भाव और जातीय अल्पसंख्यक निवासियों की उन्नति के लिए केंद्र (CHEER) के माध्यम से जहाँ आवश्यक और उचित हो, व्याख्या सेवा की व्यवस्था की जाएगी। CHEER आठ भाषाओं में टेलीफोन व्याख्या सेवाएँ प्रदान करता है, जैसे कि बहासा इंडोनेशिया, हिंदी, नेपाली, पंजाबी, उर्दू, तागालोग, थाई और वियतनामी।
- अन्य सरकारी विभागों और संगठन से संबंधित प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए कर्मचारियों को आमंत्रित/नामित किया जाता है और

नस्लीय संवेदनशीलता और जातीय समानता की समझ के बारे में उनकी जागरूकता को बढ़ाया जाता है।

| | |
|---|---|
| भविष्य के कार्य का आंकलन | • TID हमारी सेवाओं को बेहतर बनाने की दृष्टि से जनता और कर्मचारियों की टिप्पणियों पर विचार करेगा। |
| | • सेवाओं की हमारी समीक्षा को सुविधाजनक बनाने के लिए विविध जाति के सेवा उपयोगकर्ताओं का डेटा एकत्र किया जाएगा। |

नस्लीय समानता को बढ़ावा देने के मौजूदा और नियोजित उपायों से संबंधित पूछताछ के लिए, कृप्या निम्नलिखित चैनलों के माध्यम से हमारे विभागीय ग्राहक सेवा प्रबंधक से संपर्क करें -

| | | |
|---|---|---|
| टेलीफ़ोन नं. | : | 2398 5649 |
| फ़ैक्स नं. | : | 2787 7422 |
| ईमेल | : | enquiry@tid.gov.hk |
| डाक पता | : | Room 1720, Trade and Industry Tower,<br>3 Concorde Road, Kowloon City, Hong Kong |

**व्यापार और उद्योग विभाग**
**मई 2024**